एक नजर में



## अभद्र टिप्पणी करने वाले पर कार्रवाई की मांग

**बेगमगंज, 19 अगस्त.** समाधिस्थ गुरुवर आचार्य विद्यासागर महाराज एवं नवाचार्य समय सागर जी महाराज के विरुद्ध अशोभनीय टिप्पणी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ जैन समाज ने मोर्चा खोल दिया है. श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायत कमेटी के अध्यक्ष अक्षय जैन, पार्षद अजय जैन अज्जू, प्रवीण जैन पिंटू एवं जयकुमार जैन द्वारा एक ज्ञापन तहसीलदार प्रमोद उइके को देकर आरोप लगाया है कि सागर की वर्णी कॉलोनी में स्थित बजरंग इलेक्ट्रिकल्स के संतोष जैन पटना वाले एवं उनके साथियों द्वारा एक कार्यक्रम के दौरान समाधिस्थ आचार्य विद्या सागर जी महाराज नवाचार्य समय सागर महाराज दोनों मुनियों के खिलाफ अभद्र टिप्पणियां करते हुए उनका अपमान किया है. जिससे संपूर्ण जैन समाज आहत है. आरोपित संतोष जैन एवं कार्यक्रम में शामिल व्यक्तियों जो उनके इस कृत्य के शामिल थे. उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि देश भर के जैन समाज में फैल रहे आक्रोश में रोका जा सके.

## चेकिंग अभियान : बिना हेलमेट वालों पर जुर्माना



**बेगमगंज.** परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ आज पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान में कार्रवाई करके जुर्माना वसूला. सब इंस्पेक्टर संदीप पवार, एएसआई मनका अहाके, रामसुमेर जायसवार एवं आरक्षक अंकित खटीक की टीम द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान के दौरान मोटरव्हिकल एक्ट का उल्लघन करने वाले 6 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला एवं अन्य वाहन चालकों को छोटी गलती के कारण चेतावनी देकर छोड़ा गया. पुलिस चेकिंग की खबर लगते ही भोपाल रोड़ पर वाहनों का निकलना बंद हो गया. लोग अपने वाहनों को इधर-उधर लेकर भागते नजर आए.

## चिचौली में छात्राओं को साइकिल वितरित



**सिलवानी, 19 अगस्त.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व मंत्री रामपाल सिंह के निर्देश पर चिचौली हाई स्कूल में छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरित की गई. यह कार्यक्रम छात्राओं की शिक्षा को प्रोत्साहन देने एवं उनकी सुविधा हेतु आयोजित किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सिलवानी मंडल अध्यक्ष श्याम साहू उपस्थित रहे. कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता मदन मोहन शर्मा, सिलवानी पार्षद प्रदीप कुशवाहा, बूथ अध्यक्ष शिवदीप रघुवंशी, बक्शी पिपरिया से चंदन रघुवंशी, बूथ अध्यक्ष मयंक रघुवंशी, पुष्पेंद्र रघुवंशी (मुआर) और प्राचार्य राजेंद्र भार्गव विशेष रूप से उपस्थित रहे. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकगण, शिक्षकवृंद तथा स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया. सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की.

## बेगमगंज में नेत्र शिविर आयोजित



**बेगमगंज, 19 अगस्त.** सुख सागर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जबलपुर एवं द्वारिकाधीश फाउंडेशन जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में 19 अगस्त को निश्शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन नेत्र शिविर का आयोजन किया गया. यह शिविर चोर बावड़ी वार्ड क्रमांक 10 स्थित नरसिंह मंदिर परिसर में दोपहर 12 से 3 बजे तक आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोग पहुंचे. शिविर में मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा किया गया. यहाँ मोतियाबिंद, काँचबिंद, रेटिना/परदा, नाखूना, ट्यूमर/कैंसर, अकसरू, फैक्कर और भेंगापन जैसी गंभीर नेत्र संबंधी बीमारियों का निश्शुल्क इलाज की व्यवस्था रही. मरीजों की जांच के उपरांत जरूरत पड़ने पर उन्हें उसी दिन जबलपुर अस्पताल भेजकर उन्नत चिकित्सा उपलब्ध कराई जाएगी. शिविर का संचालन ऑपटोमेट्रिस्ट-दृष्टि विशेषज्ञ पवन कुमार यादव के निर्देशन में हुआ. शिविर के सफल आयोजन में नपा उपाध्यक्ष सुदर्शन घोषी, डॉ. शरद शर्मा का विशेष योगदान रहा.

# ओपन जिम पार्क की लाइटें बंद, गेट पर ताला

## साफ-सफाई नहीं होने से विचरण कर रहे जहरीले जीव जंतु, पौधों की कटिंग नहीं होने से बन गए झाड़

**बेगमगंज, 19 अगस्त. नगर के उत्कृष्ट स्कूल प्रांगण में नगर पालिका द्वारा प्रशासनिक कार्यकाल मै बनवाया गया ओपन जिम पार्क अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ गया है. इस पार्क की देखरेख सही नहीं होने से नागरिकों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है.**

नागरिकों का कहना है कि ओपन जिम पार्क नगर के आम नागरिकों बच्चों के लिए व्यवस्थित बनाया गया था, लेकिन नागरिक इसका लाभ नहीं ले पा रहे है. विगत कई दिन से जिम पार्क की लाइट बंद है,गेट पर ताला डला हुआ है. स्कूल के चौकीदार ने बताया कि पार्क की लाइट खराब हो गई है. पोल में करंट आ रहा है. जिसकी वजह से गेट का ताला नहीं खोला जा रहा है. वही बड़ी बड़ी झाड़ियां होने से जहरीले कीड़े भी विचरण कर रहे है. समाजसेवी रमेश भार्गव का कहना है कि पार्क बहुत ही व्यवस्थित बनाया गया था,लेकिन उसका संचलन सही तरीके से नपा नहीं कर पा रही है जिससे नागरिकों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है. कई दिनों से पार्क की लाइट बंद है तो नगर पालिका को लाइटिंग सही करना चाहिए वही पार्क की भी साफ सफाई और पौधों की कटिंग भी समय-समय पर करनी चाहिए. वही नागरिक अमित कुमार साहू का कहना है कि नगर पालिका द्वारा लाखों रुपए खर्चकर पार्क बनाया गया है जिसका आम नागरिकों को लाभ नहीं मिल रहा है. दो साल बाद पार्क खुला वह भी कुछ ही समय के लिए हम अपने बच्चों को इस पार्क मै घुमाने लाते थे लेकिन कुछ समय से इसे फिर बंद कर दिया है.



### व्यवस्थित तरीके से बनाया गया है पार्क

संपूर्ण पार्क में टाइल्स लगाए गए हैं साथ ही कई प्रकार की रंग विरंगी लाइटिंग लगाई गई है इसके साथ ही बच्चों को खेलने के लिए झूला रिस्कपट्टी एवं अन्य उपकरण भी जो बच्चों के लिए काफी आकर्षण करता है. वहीं आम नागरिकों के लिए ओपन जिम बनाया गया है जिससे उनके शरीर की फिटनेस का भी पूरा ख्याल रखा गया है. वही योगा के लिए भी एक स्थान अलग से बनाया गया है. वही श्रद्धांजलि सभा के लिए भी अलग से विभाजित किया गया है यह जिम चार भागों में बांटा गया है खूबसूरती की दृष्टि से इसमें पौधा रोपण भी किया गया था अब वह पेड़ बन गए है, क्योंकि गार्डन वाले पौधों की कटिंग नहीं होने से बड़ी-बड़ी झाड़ियां हो गई है जिसमें जहरीले कीड़े मकोड़े होने की भी आशंका है. साथ में लोगों को बैठने के लिए एवं टहलने के लिए भी चारों ओर रास्ता बनाया गया है जिससे लोग इस पर टहलकर भी अपनी फिटनेस बना सकते हैं.

### इनका कहना है...

मेरी जानकारी मै नहीं है कि लाइट बंद है,पार्क के पौधों की कटिंग नहीं हुई है,हम स्वयं जाकर देख व्यवस्थाएं सुधरवाते है.

– **राजेंद्र शर्मा,** सीएमओ नपा बेगमगंज

## जंगल में पशु चराने गए किसान पर तेंदुए ने किया हमला

**रायसेन, 19 अगस्त. जिला मुख्यालय से 115 किलोमीटर दूर सुल्तानगंज थाना अंतर्गत कोठीखोह-कटोला गांव के पास जंगल में पशु चराने गए एक किसान पर तेंदुए ने जानलेवा हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया. जिसे गंभीर अवस्था में सागर मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया है.**

बेगमगंज रेंजर अरविंद अहिरवार ने बताया कि कोठीखोह के किसान धीरज सिंह राजपूत द्वारा शिकायत की गई है कि कटोला निवासी एक किसान सीताराम यादव 48 वर्ष पास के जंगल में अपने पशुओं को लेकर चराने गया था. अचानक तेंदुएं ने उन पर हमला कर दिया. उनकी चीख पुकार सुनकर थोड़ी दूर पर ही पशु चरा रहे चरवाहे भाग कर वहां हल्ला करते हुए पहुंचे तो तेंदुआ किसान को छोड़कर जंगल में भाग गया.लहूलुहान सीताराम यादव को उठाकर सुल्तानगंज अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन वहां डॉक्टर नहीं होने के कारण उन्हें सागर के मेडिकल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है. इसके अतिरिक्त कोठीखोह की गौशाला में घुसकर तेंदुए ने एक गाय के बछड़े का शिकार किया और उसे मुंह में दबाकर जंगल की ओर भागने लगा तो ग्रामवासियों ने हल्ला करके उसे भगाया तो वह क्षतविक्षत बछड़े को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया था. पिछले कुछ दिनों से तेंदुए का आतंक कोठीखोह, टेकापार रामवन, कोटला गांव के आसपास फैला हुआ है. किसानों द्वारा बताया गया कि पास के जंगल को तेंदुएं ने अपना ठिकाना बना लिया है. यहां से कभी-कभी तीनों गांव की ओर आने से दहशत फैली हुई है.

बेगमगंज वन विभाग को सूचित किया गया तो उनका कहना है कि जिस जंगल में तेंदुएं ने किसान पर हमला किया वो सागर जिले की सीमा में आता है तो वहां का वनविभाग इसकी कार्रवाई करेगा. रायसेन जिले की सीमा एवं सागर जिले की सीमा दोनों के बीच पड़ने वाले जंगल में तेंदुएं का आतंक फैला हुआ है. दोनों को चाहिए कि संयुक्त रूप से टीम बनाकर रेस्क्यू करें और ग्रामवासियों को तेंदुएं से सुरक्षित करें. अन्यथा किसी दिन कोई अनहोनी घटित हो सकती है.

सुल्तानगंज के पशु चिकित्सक डॉ. शंकर पाल ने बताया कि किसान पर हमला करने के बाद कोठीखोह की गौशाला से तेंदुएं ने एक बछड़े का शिकार किया था. मौके पर एबीएफ सुभाष रजक पहुंचे थे. जिन्होंने बछड़े के शेष अवशेषों का पीएम किया था. इस संबंध में रेंजर अरविंद अहिरवार का कहना है कि घटना सागर जिले की सीमा की है. वहां के वनविभाग को सूचना मिल गई है. जो इन घटनाओं को लेकर तेंदुए के रेस्क्यू के लिए प्रभावी कदम उठाएंगे.

## बहू और बेटे ने मिलकर मां की गला घोंटकर की हत्या

**रायसेन, 19 अगस्त. जिले के थाना बम्होरी के दिल्हारी गांव में कलयुगी बेटे और उसकी पत्नी के साथ मिलकर अपनी मां की गला घोंटकर हत्या का मामला सामने आया है.एसडीओपी सिलवानी अनिल सिंह मौर्य द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर इस हत्या के मामले का किया खुलासा.**




उन्होंने बताया कि ग्राम दिल्हारी निवासी संदीप रैकवार द्वारा अपनी सौतेली बेटी के साथ बलात्कार किया गया था. जिसके विरुद्ध पुलिस द्वारा बलात्कार का प्रकरण पंजीकृत किया गया था. घटना के पूर्व आरोपी संदीप रैकवार ने अपनी कथाकथित पत्नी के साथ मिलकर बच्ची का गर्भपात करने का प्रयास किया था. उसके लिए उसे एक प्राइवेट अस्पताल में पैसों की जरूरत पड़ी. जो 10 अगस्त की रात्रि में संदीप रैकवार अपनी तथा कथित पत्नी सीमा रजक के साथ अपनी मां मुन्नी बाई के पास गया था. रुपयों की मांग की थी. मुन्नीबाई जो अपने छोटे लड़के विकास रैकवार के साथ गांव में ही रहती थी. उसके द्वारा संदीप रैकवार जब रुपये नहीं दिए. क्योंकि वह स्वयं घरों में बर्तन मांजकर गुजरा करती थी और गरीब महिला थी. गुस्से में आकर कलयुगी बेटे संदीप रैकवार और पत्नी सीमा रजक ने पहले तो विकास के सामने मां मुन्नी बाई के साथ झूमाझटकी कर लड़ाई झगड़ा किया. बाद में विकास रैकवार इनको घर छोड़कर चला गया था.

जब देर रात विकास रैकवार घर पर वापस आया तो उसे अपनी मां नहीं मिली थी रात में और दिन भर ढूंढने के बाद विकास रैकवार ने अपनी मां के गुम होने की रिपोर्ट थाना बम्होरी में 11 अगस्त को दर्ज कराई थी. बाद में 15 अगस्त को मुन्नीबाई की लाश संदीप रैकवार के घर के पीछे बाड़े में सडीगली अवस्था में मिली थी. पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कराई. मेडिको लीगल संस्थान भोपाल में मृतिका मुन्नी बाई के शव का पोस्टमार्टम कराया गया.

शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मुन्नी बाई का गला घोंटकर हत्या करने की बात स्पष्ट हुई. जिसमें सीमा रजक द्वारा अपने पति संदीप रैकवार के साथ मिलकर पूछताछ में अपना जुर्म स्वीकार किया है. संदीप रैकवार पूर्व से ही बलात्कार के प्रकरण में जेल में है. बम्होरी पुलिस द्वारा संदीप रैकवार और सीमा रजक के विरुद्ध हत्या का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई है.

## कलेक्टर बेटे का जगह -जगह हुआ स्वागत

**बेगमगंज, 19 अगस्त.** बेगमगंज तहसील के दूरस्थ गांव देहगवां निवासी किसान व व्यापारी महेंद्र कुमार जैन के पुत्र अभि जैन का 2024 यूपीएससी में 34वां स्थान हासिल करके कलेक्टर पद शुशोभित करने पर मंगलवार को प्रथम नगरागमन पर जगह-जगह पुष्प मालाओं से पूर्व नपाध्यक्ष शिखर चंद्र जैन, राजकुमार जैन प्रिंस एडवोकेट, जयकुमार जैन, राजेंद्र जैन, मुकेश जैन, रानू जैन, भानू जैन, सुरेश ताम्रकार, उनके बड़े पापा निर्मल जैन सहित पांचों पुत्रों एवं नगर के अन्य लोगों ने स्वागत किया. वहीं पूर्व शासकीय अधिवक्ता बद्रीविशाल गुप्ता के निवास स्थान पर भी उनकी भव्य अगवानी के साथ उन्होंने ने परिजनों एवं अधिवक्ता साथियों के स्वागत किया.



इस अवसर पर कलेक्टर अभि जैन ने बताया कि मम्मी-पापा का सपना उन्हें बहुत ऊंचाई पर देखने का था. पारिवारिक पृष्ठभूमि ठेठ ग्रामीण अंचल की होने के कारण बचपन में पहले तो उन्हें लगता था कि पापा की तरह ही व्यापार करना होगा, लेकिन पापा का सपना अपने बच्चों को बहुत ऊंचाई पर होने का था तो वो हम दोनों भाइयों ने साकार करके उनका कर्ज उतारा है. जीवन में सभी स्टूडेंट्स कुछ ना कुछ करते हैं लेकिन पाता वो ही जो लीक से हटकर कुछ कर गुजरते है. जीवन में मुश्किल कुछ भी नहीं है, उसे पाने की जिद ओर जुनून से अपना निर्धारित लक्ष्य हासिल किया जा सकता है ओर मैंने भी कर दिखाया.

## 24 अगस्त को इंदौर में होगा साहू समाज का परिचय सम्मेलन

**बेगमगंज.** तैलिक साहू राठौर महासभा मध्यप्रदेश द्वारा अखिल भारतीय तेल एक युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 24 अगस्त को इंदौर के अभय प्रशाल, रेसकोर्स रोड पर किया जाएगा. रविवार को नगर बेगमगंज में महासभा के पदाधिकारियों ने समाजजनों से सम्मेलन में पहुंचने की अपील की. प्रदेश उपाध्यक्ष रामगोपाल साहू, प्रदेश सचिव कमल सिंह साहू, जिला अध्यक्ष हरि साहू और जिला उपाध्यक्ष अरविंद साहू, बीडी साहू, मुकेश साहू राजू साहू मेडिकल ने नगर के विभिन्न परिवारों से मुलाकात कर सम्मेलन का निमंत्रण दिया.

## युवा नारी शक्ति करेगी गर्भवती की देखभाल

**बेगमगंज, 19 अगस्त.** संगत संस्था द्वारा गर्भवती, शिशुवती एंव धात्री महिला की मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल हेतु आशा कार्यकर्ता को सहयोग करने नई युवा पीढ़ी की छात्राओं को वालिंयटर के रुप में शामिल किया गया है, जो आशा कार्यकर्ता की मदद करेगी. इस को ध्यान में रखते हुए सिविल अस्पताल में वंलियंटर का एक द्विवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ. जिसमें संगत संस्था की एडीसी डॉ निकिता पाठक ने डिजिटल प्लेटफार्म पर विडियों और पीपीटी के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य, डिप्रेशन के लक्षण, मातृ मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता सत्र आदि के बारे में बेहतरीन तरीके से समझाया और इसी को आगे बढ़ाते हुए सुपरवाइजर श्वेता दुबे ने मानसिक स्वास्थ्य का मूल्यांकन करने हेतु पीएचक्यू-9 अच्छे से समझाया. सभी वालियटर ने बच्चे कर हिस्सा लिया और शीघ्र ही कार्य शुरु करने का सकंल्प लिया. प्रशिक्षण में सीबीएमओ डॉ नितिन तोमर, बीपीएम जय सिंह का पूर्ण सहयोग रहा. संगत संस्था की तरफ से डॉ निकिता पाठक, श्वेता दुबे तथा सोशल वर्कर दिव्या रैकवार उपस्थित रहे.



## बिना ऑक्सीजन मरीज को नीचे लाए, दम तोड़ा

- जिला अस्पताल प्रबंधन की बड़ी लापरवाही
- गंभीर मरीज को भोपाल करना था रैफर

**रायसेन, 19 अगस्त. जिला अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही एक बार फिर से सामने आई. बीती रात जिला अस्पताल में भोपाल रेफर होने के बाद तीसरी मंजिल से नीचे लाते समय बाबूलाल 55 वर्ष की गंभीर बीमारी के चलते मौत हो गई.**

मृतक के परिजनों और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेताओं परिजनों द्वारा जमकर किया हंगामा. उन्होंने दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर प्रदर्शन और विरोध जताया. वहीं दूसरी और डॉक्टरों और स्टाफ ने भी मरीजों का इलाज किया बंद.सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी नरेंद्र गोयल और पुलिस टीम ने संभाला मोर्चा और मामला शांत कराया. वहीं सीएमएचओ डॉ एचएन मांडरे सिविल सर्जन डॉ यशपाल सिंह बाल्यान ने डॉक्टर और स्टाफ से बातचीत करके मरीजों का इलाज फिर से शुरू कराया. यह हंगामा जिला अस्पताल की गैलरी से लेकर हाइवे की सड़क तक चक्काजाम तक पहुंच गया था.

जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. एस.बलयान ने बताया कि मृतक बाबूलाल को शाम 5 बजे ही डॉ सौरभ जैन द्वारा भोपाल के लिए रेफर कर दिया गया था.उसका लंबे समय से भोपाल एम्स और अन्य अस्पताल में इलाज चल रहा था. मृतक के पुत्र ने भोपाल न ले जाने का सहमति लिख कर दी थी.

त्यौहार | शुभ और शुक्ल संयोग में आ रही गणेश चतुर्थी, शहर में प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे कलाकार

# तीन साल बाद इस बार 10 दिन का होगा गणेशोत्सव

**रायसेन, 19 अगस्त. लगभग तीन साल बाद 10 दिन का गणेशोत्सव होगा. इसीलिए इस बार ज्यादा शुभ माना जा रहा है. शहर के गणेश मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन होंगे. भगवान गजानन को छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे.**

हर दिन धार्मिक कार्यक्रम होंगे. पंडित परामोहन चतुर्वेदी मुकेश भार्गव ने बताया कि इस बार गणेश चतुर्थी शुभ और शुक्ल संयोग में आ रही है. इस दिन चांदी- सोने के आभूषण और वाहन खरीदना श्रेष्ठ रहेगा. शहर के मूर्तिकारों ने प्रतिमाओं को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है.



चौक, चौराहों पर विराजमान होंगी प्रतिमाएं

वैसे तो गणेशोत्सव पर शहर के विभिन्न स्थानों पर प्रतिमाएं विराजमान होंगी. लेकिन मुख्य रूप से शहर के महामाया चौक, गंजबाजार पाटनदेव अर्जुन नगर मुखर्जी नगर गोटी ढाबा सांची रोड़ तालाब मोहल्ला श्री रामलीला ग्राउंड आदि स्थानों पर आयोजकों द्वारा मनमोहक गौरी नन्दन भगवान गणपति की झांकियां सजाई जाएंगी. मिश्र तालाब घाट स्थित गणेश मंदिर, गिरजा पति गणेश मंदिर और अंजनीलाल मंदिर धामखुनखुन वाले गणेश मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम होंगे.

**बुधवारी होने से भूमि, वाहन और आभूषण खरीदना श्रेष्ठ :** इस बार गणेशोत्सव 27 अगस्त से शुरू होगा. उत्सव 10 दिन तक चलेगा. शहर सहित जिले के तमाम गांव कस्बों में भगवान गणेश की स्थापना की जाएगी. तैयारियां जोरों पर हैं. मूर्तिकार आकर्षक प्रतिमाएं बना रहे हैं. इस बार गणेश चतुर्थी बुधवार को पड़ रही है. तीन साल बाद यह संयोग बना है. चित्रा नक्षत्र, शुभ और शुक्ल योग का निर्माण हो रहा है. इस दिन गणपति पूजन का विशेष महत्व है. बुधवार को गणेशजी का पूजन विशेष माना जाता है. यह स्वयं सिद्ध अबूझ मुहूर्त भी है. इस दिन गृह प्रवेश, भवन निर्माण, व्यापार प्रारंभ, भूमि, आभूषण और वाहन खरीदना शुभ रहेगा.

**60 ऑर्डर लिए, बना रहे 150 प्रतिमाएं :** मूर्तिकार लखन चक्रवर्ती सुनील महोबिया ने बताया कि 30 साल से शहर में मिट्टी की प्रतिमाएं बना रहे हैं. इस बार उन्होंने 100 आर्डर बुक किए गए हैं.वहीं डे? सौ से ज्यादा लंबोदर की मूर्तियां मिट्टी की बना रहे हैं.

## विश्व हिन्दू परिषद का मनाया स्थापना दिवस, किया सम्मान



**सिलवानी, 19 अगस्त.** पूरे विश्व में हिंदुओं का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन विश्व हिन्दू परिषद का 61वां स्थापना दिवस सोमवार को सिलवानी प्रखण्ड में उत्साह पूर्वक मनाया गया. इस अवसर पर विभाग मंत्री दौलत लोगवानी विदिशा विभाग मंत्री एवं प्रांतीय कार्यकर्ता महेश नामदेव प्रांत कार्यकारिणी सदस्य) विशेष रूप से उपस्थित रहे. समारोह में वक्ताओं ने अपने मार्गदर्शन और विचारों से कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया. उन्होंने सनातन धर्म एवं माँ भारती की रक्षा हेतु संगठन की भूमिका पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने संगठन की नीतियों पर आगे भी चलते रहने का संकल्प लिया.

## कुएं में गिरी गाय

**सिलवानी.** बम्होरी कस्बे के ग्राम ऊषापुर में सड़क किनारे बने करीब 30 फीट गहरे खुले कुएं में गाय गिर गई. अचानक हुई इस घटना से गांव में हड़कंप मच गया. जानकारी मिलते ही विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से चार घंटे की मशक्कत के बाद गाय को बाहर निकाला. कार्यकर्ताओं ने कुएं में उतरकर रस्सियों व अन्य साधनों का उपयोग करते हुए गाय को बाहर निकाला. बाहर निकालने के बाद गाय का उपचार कराया गया और चारे-भूसे की व्यवस्था भी की गई. रेस्क्यू अभियान में बजरंग दल संयोजक धर्मेंद्र लोधी, विश्व हिंदू परिषद मंत्री आयुष शर्मा, कार्यकर्ता देवेंद्र साहू राज लोधी, ललित लोधी सुमित धाकड़ और सौरभ रैकवार विशेष रूप से शामिल रहे.